जाट शिक्षण संस्थान ; आजीवन सदस्यों के पहचान पत्र बनवाने की तिथि 17 तक बढ़ी

कॉलेजियम के लिए पहले से तय, जगह व समय में कोई बदलाव नहीं किया

भास्कर न्यूज | रोहतक

जाट शिक्षण संस्थानों के आजीवन सदस्यों के पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया की तिथि 10 से बढ़ाकर 17 मई तक रहेगी । अब 14 मई रविवार को पहचान पत्र बनाने का काम नहीं किया जायेगा। स्कूलों और कॉलेजों के प्राचार्यों की विशेष बैठक संस्था की अध्यक्षता मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में संस्था के प्रशासक के ओएसडी डॉ. नवनीत अहलावत ने की। सर्वसम्मति से आजीवन सदस्यों की मांग एवं सुविधा को देखते हुए तिथि बढ़ाने के साथ ही कई और महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। विशेष कार्याधिकारी डॉ. नवनीत अहलावत ने बताया कि कॉलेजियम के लिए पहले से तय जगह और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है, सिर्फ पहचान पत्र बनाने की तारीख बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि आजीवन सदस्यों, अस्वस्थ वृद्ध जनों तथा सैन्य एवं अर्धसैनिक बलों में कार्यरत गंभीर रूप से बीमार सदस्यों के परिजन सभी दस्तावेज लेकर संबंधित समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जिस पर निर्णय लिया जायेगा. नियमानुसार लिया गया है। डॉ. अहलावत ने बताया कि 15395 आजीवन सदस्यों में से 7 हजार से अधिक सदस्यों की ओर से पहचान पत्र बनवाने के लिए उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया जा चुका है. साथ ही मरने वाले सदस्यों की शिनाख्त का काम भी जारी है।

जाट संस्था में प्रशासक के ओएसडी डॉ. नवनीत अहलावत स्कूल व कॉलेज के प्राचार्यों के साथ बैठक करते हुए।